दिनांक : 10.02.2025 समय : 02.10PM

आकाशवाणी मध्यप्रदेश

परीक्षा पे चर्चा

परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण में आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10वीं ओर 12वीं के विद्यार्थियों से बोर्ड परीक्षा को लेकर बातचीत की। श्री मोदी ने विद्यार्थियों से कहा कि सबके पास दिन में 24 घंटे ही होते हैं। कोई इतने ही समय में सब-कुछ कर लेता है, तो कोई यही कहता रहता है कि समय नहीं है। ऐसे में समय प्रबंधन सीखना बहुत जरूरी है। प्रधानमंत्री ने परिजन से कहा कि वे अपने बच्चों की इच्छाओं को समझें, उनकी क्षमताओं को समझे। उन्होंने कहा कि हमें सोचना चाहिए कि परीक्षा जरूरी है या जीवन। वहीं टीचर दूसरे बच्चों से तुलना न करें। कुछ कहना है तो अलग से कहें। वहीं विद्यार्थियों से कहा वि परीक्षा में नंबर का तनाव न पाले

प्रदेश से कार्यक्रम के लिए 18 लाख 27 हजार विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं अभिभावकों ने अपना पंजीयन कराया था। राज्य के सभी हाई और हायर सेकेंडरी स्कूलों में परीक्षा पे चर्चा देखने और सुनने की व्यवस्था की गई थी।

स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह ने भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट विद्यालय से विद्यार्थियों के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की। खंडवा की छात्रा किरण उइके ने आकाशवाणी से बात करते हुए अपने अनुभव साझा किए

प्रधानमंत्री पेरिस

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस और अमेरिका की ऐतिहासिक कूटनीतिक यात्रा पर रवाना हो गए हैं। इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के साथ रणनीतिक, आर्थिक और तकनीकी साझेदारी को मजबूत करना है। फ्रांस में राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ प्रधानमंत्री कल से शुरू हो रहे एआई एक्शन समिट की सह-अध्यक्षता करेंगे। श्री मोदी महत्वपूर्ण द्विपक्षीय वार्ता भी करेंगे और मार्सिले में भारत के नए महावाणिज्य दूतावास का उद्घाटन करेंगे।

लाड़ली बहना योजना

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव देवास जिले की सोनकच्छ तहसील के ग्राम पीपलरावां में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और किसान कल्याण योजना के हितग्राही किसानों के खातों में राशि अंतरित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव हितग्राहियों से संवाद कर योजना के लाभ की जानकारी भी लेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में 1553 करोड़ रुपये अंतरित करेंगे। सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 56 लाख हितग्राहियों के खाते में 337 करोड़ रुपये और किसान कल्याण योजना में 81 लाख हितग्राही किसानों के खाते में 1624 करोड़ रुपये अंतरित की जायेगी। मुख्यमंत्री 144 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण-शिलान्यास भी करेंगे।

समाचार संक्षेप में...

1- सेफ क्लिक साइबर सुरक्षा अभियान के तहत आगरमालवा जिले में कल विभिन्न पुलिस थाना क्षेत्रों में साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे से बचाव हेतु नुक्कड़ नाटक के साथ ही विभिन्न गतिविधियों द्वारा

विद्यार्थियों, महिलाओं, ग्रामीणों व आमजनो को डिजिटल दुनिया में सुरक्षित रहने के उपायों के प्रति जागरूक किया गया।

2- छतरपुर पुलिस द्वारा "सेफ क्लिक" अभियान के 9 दिनों में साइबर अपराधों से बचाव हेतु ट्रैफिक वार्डन रैली, एफएम रेडियो टेलीकास्ट, जनसंवाद, शैक्षणिक संस्थानों का भ्रमण कर 32 हज़ार लोगों को जागरूक किया गया।

3- सतना पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं को पानी और स्वल्पाहार की व्यवस्था चित्रकूट पुलिस द्वारा जगह- जगह की जा रही है।

4- बैतूल तहसील क्षेत्र में व्यवसायिक भूमि का उपयोग कर रहे 150 बकायादारों को राजस्व विभाग ने वसूली के नोटिस थमाए हैं।